# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: 2025-26**

**कक्षा:-7** **विषय: हिंदी कहानी संचय** **पाठ:6 माँ**

**प्रश्न1. मास्टर हमीद कहाँ पढ़ाते थे?**

**उत्तर- मास्टर हमीद दिल्ली के एक मदरसे में पढ़ाते थे।**

**प्रश्न2. हमीद दिल्ली में क्यों आए?**

**उत्तर- हमीद मिडिल का इम्तहान देने वाला था कि बस्ती में प्लेग की बीमारी फैली। इस महामारी में हमीद के अब्बा भी चल बसे। हमीद की माँ के पास कफ़न- दफ़न के बाद कुल सत्ताईस रुपये बचे। हमीद मिडिल के इम्तहान में पास हो गया था। अब उसे आगे पढ़ने का शौक हुआ । माँ से पंद्रह रुपये लिए और दिल्ली पहुँच गया।**

**प्रश्न 3. हमीद अपनी माँ से कितने सालों बाद मिलने गया था?**

**उत्तर- हमीद अपनी माँ से सात सालों बाद मिलने गया था।**

**प्रश्न 4. हमीद की माँ किसके साथ रहती थी?**

**उत्तर- हमीद की माँ नवासी दर्ज़िन के साथ रहती थी।**

**प्रश्न 5. मास्टर हमीद को उनकी माँ ने खाने में क्या खिलाया था?**

**उत्तर- मास्टर हमीद को उनकी माँ ने खाने में कबाब,कलेजी, पराँठे, अंडे, दाल, आम की चटनी, एक प्याले में दूध, एक तश्तरी में मलाई और एक रकाबी में कटे हुए कलमी आम खिलाए थे।**

**प्रश्न 6. माँ की क्या बात सुनकर कोठरी में खामोशी छा गई ?**

**उत्तर –" बेटा तू ,और यह पूछता है? एक-एक दिन तेरे इंतज़ार में कटा है। सात बरस में यह तैयारी कर पाई हूँ बेटा, सात बरस में।" माँ की इस बात को सुनकर कोठरी में खामोशी छा गई।**